Bharat Temples

आज अष्टमी की पूजा करवाउंगी,ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी Bhajans Bhakti Songs

आज अष्टमी की पूजा करवाउंगी, ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी Lyrics in Hindi

आज अष्टमी की पूजा करवाउंगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।
हे मैया हे मैया,
सदा हो तेरी जय मैया,
मन की मुरादे मैं पाऊँगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

छोटी छोटी कंजको को,
घर अपने बुलाऊंगी,
चरण धुलाऊं, तिलक लगाऊं,

चुनरी लाल उढ़ाऊंगी,
हे मैया हे मैया,
पार लगा मेरी नैया,
महिमा सदा मै तेरी गाऊँगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

अष्टमी का दिन तो होता है,
मुरादे पाने का,
खोल के रखती द्वारा मैया,
ममता भरे खजाने का,
हे मैया हे मैया,
मै भी टलुंगी ना मैया,
झोली अपनी मैं भरवाउंगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

अष्ट भुजाओ वाली माता,
अष्ट सिद्धियो का वर दे,
सत्य डगर पे चलने को,
जीवन मेरा सुन्दर कर दे,
हे मैया हे मैया,
पार लगा मेरी नैया,
महिमा सदा मै तेरी गाऊँगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

वो है किस्मत वाले जिनको,
प्यार तेरा मिल जाता है,
उसका हो कल्याण तेरे,
मन को जो भा जाता है,
हे मैया हे मैया,
मेरी खबर भी ले मैया,
तेरा उपकार ना भुलाउंगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

आज अष्टमी की पूजा करवाउंगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।
हे मैया हे मैया,
सदा हो तेरी जय मैया,
मन की मुरादे मैं पाऊँगी,
आज अष्टमी की पूजा करवाऊँगी,
ज्योत मैया जी की पावन जगाउंगी।।

Source: https://www.bharattemples.com/aaj-ashtami-ki-pooja-karwaongi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw